'संस्कृत दिवस' 2023

आज दिनांक 31 अगस्त, 2023 को राजकीय महाविद्यालय ठियोग में 'संस्कृत दिवस' समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ललिता चंदन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। संस्कृत विभाग के सह प्राध्यापक डॉ राकेश शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए संस्कृत के महत्त्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने मधुराष्टकं व गीता के श्लोकों पर आधारित सुंदर प्रस्तुतियां दी। द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने संस्कृत में सुंदर भाषण दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के तहत पोस्टर मेकिंग में आकृति हेटा प्रथम, राहुल शर्मा द्वितीय व परीक्षा गाजटा तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में टीम यजुर्वेद पहले, टीम सामवेद दूसरे व टीम ऋग्वेद तीसरे स्थान पर रहे। तत्पश्चात प्राचार्या डॉ ललिता चन्दन ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए विजेताओं को पुरस्कार बाँटे। कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान के साथ हुआ।

संस्काराः भवन्ति-
GPS Map Camera
Theog,HP,India
College Road, Theog, Theog, 171201, HP, India
Lat 31.120697, Long 77.356032
08/31/2023 11:46 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

GPS Map Camera
Theog,HP,India
College Road, Theog, Theog, 171201, HP, India
Lat 31.120745, Long 77.355859
08/31/2023 11:10 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

यजुर्वेद

31-08-2023
IQAC
संस्कृत विभाग
उत्कृष्ट महाविद्यालय
राजकीय महाविद्यालय ठियोग
संस्कृत दिवस समारोह

सामवेद
अथर्ववेद

31-08-2023
IQAC
संस्कृत विभाग